भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-25
उत्तर देने की तारीख-04/12/2023

राष्ट्रीय भाषा के रूप में संस्कृत को लागू करना

†25. श्री एंटो एन्टोनी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार संस्कृत को राष्ट्रीय भाषा के रूप में लागू करने की योजना बना रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;
(ग) क्या अंग्रेजी और जर्मन भाषाएं संस्कृत भाषा से व्युत्पन्न हुई हैं; और
(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में किए गए किसी अध्ययन सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) और (ख): जी नहीं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 बहुभाषावाद को प्राथमिकता देती है तथा संस्कृत सहित सभी भारतीय भाषाओं को प्रासंगिक और जीवंत रखने के प्रयासों पर जोर देती है। इस नीति में सिफारिश की गई है कि भारतीय भाषाओं के शिक्षण और अधिगम को स्कूल और उच्च शिक्षा के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए, ताकि छात्रों के पास किसी भी भारतीय भाषा में अध्ययन करने का विकल्प हो। तदनुसार, सरकार कई भारतीय भाषाओं की शब्दावलियों और शब्दकोशों को अद्यतन कर रही है एवं स्कूल और उच्च शिक्षा के लिए भारतीय भाषाओं में पठन सामग्री उपलब्ध करा रही है तथा भारतीय भाषाओं में पढ़ाने के लिए शिक्षकों की क्षमता का भी निर्माण कर रही है।

(ग) और (घ): अंग्रेजी और जर्मन भाषाओं की उत्पत्ति के संबंध में ऐसा कोई अध्ययन शुरू नहीं किया गया है।

*****